FORM NO III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

APP-A

Crim-1

अज अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर

महावीर पुत्र जगदीश बनाम श्रीमती वाली पुत्री रामचन्द्र w/o

आदि चार। रामकिशन व अन्य।

किस्म मुकदमा अपील नम्बर 55/2020 सन् 2020

2020/00055

तारीख / पेशी	हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर — श्री शिवप्रकाश श्री	नम्बर व तारीख अहकाम जोइस हुक्म की तामील जारी हुए
18.2.20	यह प्रार्थना पत्र बाजदायरी श्री शिव प्रकाश एड़वोकेट ने न्यायालय हाजा के द्वारा दिनांक 11.02.2020 को अपील अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज किये जाने से प्रस्तुत किया गया। प्रार्थना पत्र बाद जॉच रिपोर्ट होकर पेश किया गया। प्रार्थना पत्र बाजदायरी प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जावें। प्रार्थना पत्र बाजदायरी की प्रति अभिभाषक अप्रार्थी को दी गयी। बाजदायरी प्रार्थना पत्र पर अभिभाषक उभयपक्ष को सुना गया। अभिभाषक प्रार्थी ने दौराने बहस बताया कि न्यायालय के समक्ष पेशी पर बरवक्त आवाज प्रार्थीगण के अधिवक्ता अन्य न्यायालयों में बहस में व्यस्त होने के कारण उपस्थित नहीं हो सकें तथा जब माननीय न्यायालय में उपस्थित हुए तो बताया गया कि उक्त प्रकरण अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज फरमा दिया गया। उपरोक्त कारण से प्रार्थीगण के अधिवक्ता की न्यायालय में बरवक्त आवाज अनुपस्थिति सद्भाविक थी। न्यायालय हाजा से अनुरोध है कि न्यायहित में प्रार्थना पत्र में स्वीकार किया जाकर अपील को पुनः दर्ज रजिस्टर किये जाने के आदेश प्रदान करावें। अभिभाषक अप्रार्थीगण ने दौराने जवाब प्रार्थना पत्र निवेदन किया कि बाजदायरी को न्यायहित में कोस्ट पर स्वीकार किया जावें। अभिभाषक प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण की बहस पर मनन किया गया एवं प्रार्थना पत्र व अपील का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन हम न्यायहित में प्रार्थना पत्र स्वीकार कर अपील को पुनः नम्बर पर लिये जाने के आदेश देना उचित समझते हैं। **अतः प्रार्थना पत्र बाजदायरी स्वीकार किया जाता हैं एवं अपील को पुनः नम्बर पर लिया जावें। प्रार्थना पत्र फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हों।** राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर	